समाचार

स्वच्छता पखवाड़ा

सफाईमित्रों एवं सफाई कामगारों को सुरक्षा उपकरणों का वितरण किया महापौर ने

कोरबा 19 फरवरी 2021 –कोरबा पुराने शहर स्थित गीतांजलि भवन सभागृह में एक दिवसीय प्रशिक्षण व उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कारों का वितरण तथा सुरक्षा सामग्री का वितरण किया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के साथ ही सभापति श्यामसुंदर सोनी, निगम आयुक्त श्री एस.जयवर्धन व वार्ड क्र. 04 के पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने भी सफाईमित्रों व सफाई कामगारों को अपनी शुभकामनाएं दी, उनके उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए पुरस्कार व सुरक्षा उपकरणों का वितरण किया।

कोरबा शहर को स्वच्छता में स्वच्छ शहर बनाये जाने को दृष्टिगत रखते हुए शहर में घरों से कचरा एकत्र करने वाले सफाईमित्रों एवं सीवर सेप्टिक टैंक सफाई में संलग्न कामगारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गीतांजलि भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के साथ ही सभापति श्यामसुंदर सोनी, निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सफाईमित्रों द्वारा अपने आबंटित क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के हिसाब से कचरा संग्रहण का समय निर्धारित करने का सुझाव दिया ताकि नागरिकों के घरों से उत्सर्जित कचरे का शतप्रतिशत उठाव हो सके। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि कोरोना काल में सफाईमित्रों व सफाई कामगारों द्वारा सेवा देने पर सभी को बधाई दी एवं शहर की स्वच्छता में योगदान की सराहना की। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए घरों से एकत्र कचरे के शतप्रतिशत पृथक–पृथक संग्रहण, संग्रहित कचरे का पृथकीकरण, परिवहन, समापन एवं प्रसंस्करण को शत प्रतिशत कर सफाईमित्रों से सूखे कचरे के अवयवों को पुनःचक्रणकर्ता को बेचकर अपनी आय बढ़ाने के साथ ही शहर को स्वच्छ रखने का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर पार्षद श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि सफाई से संबंधित परेशानी या सुविधा हेतु सफाईमित्रों के सुझाव साझा करने पर चर्चा करते हुए शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने अपने विचार रखें। निगम क्षेत्र में कार्यरत सफाईमित्रों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले

सफाईमित्रों को पुरूस्कार वितरण, सफाईमित्रों एवं सीवर लाईन, सेप्टिक टैंक सफाई में संलग्न सफाई कामगारों एवं वाहन आपरेटरों को सुरक्षा उपकरण का वितरण किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में निगम के कोरबा जोन कमिश्नर श्री एम.के.वर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, सुनील वर्मा, डॉ.संजय तिवारी, डी.सी.सोनकर, कमलेश रात्रे, रामू पाण्डेय, रशीद खान, पी.आई.यू. कु. शिल्पा राठौर, गौरव सिंह, विजय लक्ष्मी आदि सफाई ठेकेदार एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित थे।